यशवंती निराधार
धाम पहला

बाणी

हुजूर महाराज दर्शन दास जी

यशवंती निराधार

धाम पहला

बाणी

हुजूर महाराज दर्शन दास जी

© सर्वाधिकार सुरक्षित

यशवंती निराधार धाम पहला
बाणी हुजूर महाराज दर्शन दास जी
प्रथम संसकरण : फरवरी 2014

संग्रहकर्ता एवं प्रकाशक:
सचखण्ड नानक धाम,
इन्द्रापुरी लोनी रोड, जिला गाज़ियाबाद

धन
नानक

भूमिका

हुजूर महाराज दर्शन दास जी द्वारा यशवंती निराधार की रचना, प्रभु की महिमा व प्रशंसा का वर्णन है, भक्ति, प्रेम, दया व करुणा का प्रतीक है जोकि प्रभ अबिनाशी से संसार की ओर आ रही है। उस करुणा, भक्ति, प्रेम का वर्णन हुजूर महाराज जी ने एक दास बन कर, सेवक बन कर अपने प्रभु की खूबियों का और प्रभु से जो जो शक्तियाँ हुजूर को प्राप्त हुई उनका ज़िक्र हुजूर महाराज जी ने अपनी बाणी द्वारा हम सबको समझाया। यशवंती निराधार का पहला शब्द है यशवंती - अर्थात् यश से परिपूर्ण स्त्री स्वरूप आत्मा ने पति स्वरूप परमात्मा का यश, महिमा, प्रशंसा, उपमा को शब्दों में सजाया है, दैविय शक्ति का पूर्ण विस्तार से वर्णन किया है।

इसका अगला शब्द है निराधार। सांसारिक तौर पर यदि किसी चीज़ का खण्डन करना हो तो हम उसके लिये यह शब्द प्रयोग करते हैं। सद्गुरु ने अपने श्रीमुख से निकली हुई ईश्वरीय स्तुति को विनती का रूप देते हुए यह बताया है कि प्रभ अबिनाशी की उपमा हम चाहे जितनी भी कर लें परन्तु शाब्दिक तौर पर यह असम्भव है। प्रभ अबिनाशी की उपमा

बोलकर या लिख कर की ही नहीं जा सकती। प्रभ अबिनाशी बहुत बड़ा है और हम सांसारिक जीव बहुत ही छोटे हैं। सारी शब्दावली का सहारा लेकर भी हम प्रभ अबिनाशी के बारे में समझा नहीं सकते क्योंकि शब्दों की अपनी एक सीमा है और प्रभ अबिनाशी सब सीमाओं से परे है। सारे शब्द समाप्त हो जायेंगे परन्तु उसकी उपमा समाप्त नहीं हो सकती। इसीलिये गुरुदेव ने बाणी के साथ निराधार शब्द लगाकर खण्डन भी किया है कि उस प्रभु की महिमा इतनी अपार है कि मैं अपनी बाणी के द्वारा उसका महिमा मण्डन नहीं कर सकता। अपनी बाणी को सद्‌गुरुदेव ने यशवंती निराधार की संज्ञा देकर स्वयं को निर्बल ही प्रमाणित किया है। गुरु साहिब ने तो अरजोई में भी कहा है ''मैं नीच तेरे दास को दासा।'' अर्थात् गुरुदेव ने स्वयं को नीच की संज्ञा दी है और स्वयं को दासों का दास कहा है। इसके साथ ही आपने अपने सेवादारों को हाथ पीछे करके खड़े होने का आदेश देकर नम्रता का मार्ग दर्शाया है।

इसी प्रकार हुजूर महाराज जी ने बाणी को यशवंती निराधार नाम देकर यह प्रत्यक्ष किया है कि हे दाता! तुम्हारा यह जो पूरा ब्रह्माण्ड है, सृष्टि है वह इतनी बड़ी है, तुम्हारी

गाथा इतनी बड़ी है कि मैं अपने शब्दों के द्वारा उसकी उपमा नहीं कर सकता, तुम्हारे यश के आगे मेरे शब्द निराधार हैं। इस प्रकार गुरुदेव ने बहुत ही नम्रता से अपने शब्दों को ''यशवंती निराधार'' का स्वरूप प्रदान किया और ईश्वरीय सत्ता के आदेश को नम्रता से स्वीकार किया और हमें अपनी बाणी के द्वारा परम पिता परमात्मा, प्रभ अबिनाशी के साथ जोड़ने का मार्ग दर्शाया।

''यशवंती निराधार'' दास धर्म का निजी ग्रंथ है जिस में हुजूर महाराज जी ने बाणी को तीन अवस्थाओं में विभाजित किया है। पहली अवस्था है आदिमणी, दूसरी है पँचमणी और तीसरी है चिन्तामणी। हुजूर ने जितनी भी ईश्वर की, ईश्वर के देवी देवताओं की, ईश्वरीय अवतारों की, पीर पैगम्बरों की प्रशंसा की है वह सारी बाणी आदिमणी में दर्ज है। दूसरी अवस्था है पँचमणी। हुजूर ने जो ईश्वर के समक्ष संसार के लिये, जन कल्याण के लिये, अपनी हस्ती को उसमें विलीन करने के लिये विनतियां की हैं वह सारे शब्द पँचमणी में दर्ज हैं। तीसरी अवस्था में हुजूर महाराज जी ने वह शब्द दर्ज किये हैं जिस में सांसारिक जीवों को इस धरती पर अपने जन्म के मनोरथ को पहचान कर, ईश्वरीय मार्ग पर चलने की,

धन
नानक

ईश्वरीय मार्ग पर चलते हुये सांसारिक तौर पर अपना दायित्व निभाने की तरकीबें बताई हैं ताकि हमारा जीवन अच्छा हो सके, सुखदायक हो सके और हम संसार में रहकर, ईश्वरीय मार्ग पर चलकर ईश्वर की दैवीय स्वरूप के दर्शन प्राप्त कर सकें।

प्रत्येक शब्द के प्रारम्भ में हुजूर महाराज जी ने ''धन नानक'' दर्ज किया है। हुजूर महाराज जी ने परम श्रद्धेय गुरु नानक देव जी महाराज को अपने गुरुदेव के रूप में माना है इसलिये प्रत्येक शब्द से पहले आपने अपने अराध्य का नाम लिया है और उसके बाद शब्द का उच्चारण किया है क्योंकि प्रथम स्थान पर गुरू और फिर ईश्वर की पूजा का विधान है।

हर शब्द के सम्पूर्ण होने पर हुजूर महाराज जी ने ''यकीन'' शब्द लगाकर अपने पूर्ण विश्वास का प्रमाण दिया है ताकि हम जिज्ञासु जीव भी हुजूर महाराज की तरह ही बाणी पढ़ते, सुनते, जपते हुए उतना ही भरोसा धारण कर सकें। हालांकि यह भरपूर प्रयास किया गया है कि बाणी को संकलित करते समय शाब्दिक तौर पर कोई त्रुटि न रहे परन्तु यदि फिर भी कोई त्रुटि रह गई हो तो हम क्षमाप्रार्थी हैं।

महाराज त्रिलोचन दर्शन दास जी

धन
नानक

अनुक्रमणिका

(अ)

अब मुझ से रहा ना जाये 258
अठसठि तीरथ का वरदान 26
अमावस इश्नान उत्तम भयो 27
आ अल्ला आ राम आता है 28
आ मिल राम पिआरे 65
आतमिक गिआन करम नही कोये 186
आण पड़े जो तेरी शरणी 187
अलख नारायण निरंजन मेरे राम 29
अंतर की बिध जानो नाही 66
अभिमान तिआगो भाई 183
अवर किआ लोचे लोच प्रभ दर्शन 259
अवर नाही तुध जेहा कोई दाना 185
अमृत पीओ जुग जुग जीओ 30
अमृतधारा बरसै मनवा 31
अमृत नाम सिमर मन मेरे 32
अखां दा तकणा काम दी है भावना 33
आपे आपणे आप काज सवारे 34

(इ)

इक्को दाता इक्को उम्मत 36
इक्को मिट्टी दे बणे इनसान 184

(उ)

उत्तम नाम तुमारा माधो 25
उडण पंखेरू बिन राहीं 257

(ए)

एको ओट तुमारी दाता 188

एको संग सुहागण जोती जोत समाये	178
एको सभना दा दाता	35
एक ऊपर ओंकार सजाया	37
एक ओंकार राओंकार	38
एक घड़ी साध संग	39
एक नूर ते नूरे इलाही	189
(क)	
कर किरपा प्रभ किरपा निधान	64
करते पुरख सखी सगल सहेली	65
करन करावन करता आया	66
करम करीम सेव कमावां	67
करम भूल कूड़ कमांदे	269
किन कारण तूँ जग में आया	272
किरपा करो दर्शन गुण गावै	61
किरपा करो दीन दयाल	68
किरपा करो प्रभ किरपाल	273
किरपा करो मोहे दरस दीजे	206
किरपा करो मेरे ठाकुर सांई	69
किरपा निधान किरपा करो जन आपने	70
किरपाल किरपा निधान करमयोगी	207
काहे रे मन की डगरिया डोले	270
काज सवारे भगत जनो के	205
कालिंगा गुणी गणेष सारंग नाभी	71
काली कालिंगा काया कलप	72
कंत कामन मेरा सोहणा सुंदर राम	204
कैसे करूँ तेरी मैं आराधना	274
(ख)	
खतरा	271
(ग)	
गंगा जमना सरसवती देओ एह वरदान	71
गंभीर गोसांई गुणिआर बिधाते	73

धन
नानक

गुर संग प्रीत जो जन करे	207
गुर पारब्रह्म परमेशर दीओ नाम	75
गुर पूरा वडभागी पावां	76
गुर पूरे हउँ जाऊँ कुरबान	77
गुरबाणी गुड़ मीठी लागी	78
गुरू सतिगुरू भेद नाही कोये	79
गुरू नानक सभहां तों वड्डा	80
गुरू नानक तेरी वडियाई	81
गुरू नानक दा जपीये नाम पहलां	82
गुरू नानक मेरे होये सहाई	83
गुरू प्राण पंथ पूरा	84
गुरू प्रेम सभ से निआरा	85
गुरू प्रेम रखणा गुरू हुकम माहि	86
गुरू पूरे मेरे ठाकुर नारायण	87
गुर पूरे मेरे पिता दशमेश	88
गुरू बिन संग ना को तेरा	83
गुरू बिन नाही कोई सहारा	74
(घ)	
घट घट वासी प्रभ अबिनासी अजब	208
घट घट वासी प्रभ अबिनासी बख्शो	209
(च)	
चतरभुजा चौमुंडा देओ हरि राय	89
चरण प्रीत मोहे दीजै	275
चवर छतर लेओ बैठिआ ठाकुर	90
चारमुखी दीवा चारे धरम कहाये	92
चिंता चित्त ना आवे	277
चिट्टी काली चमड़ी	276
चौथी लावें पती पत सेवा	179
(छ)	
छोड़ मन मोह ममता सतिगुर शरन धार	91

धन
नानक

(ज)

जग जीवन दाता मिले संजोगी	210
जगत खेल मन ना लगसे	211
जगत जलंदा राख लओ	93
जन्नत ए जान गुरू गोबिंद सिंघ	95
जनम दीओ संग दीओ गुजरान	212
जब जब होसी अरिषट अपारा	97
जन दर्शन प्रभ सुणो बेनंतीआं	90
जल थल गगन तेरा पसारा	98
जिस हरि नाम मन भाये	97
जिसे देखा सो दुखी हरि नाम	276
जिसने खोजा उसने पाया	213
जित देखूँ मैं तुध पाऊँ	278
जिनहे मन हरि नाम वसे	93
जो जन करे सेवन मदिरा मास	279

(त)

तन मन धन तुध आगे पिआरे	214
तरस भया सतिगुर को हरि नाम दीओ	215
तक्क के तेरी महिमा दाता लोचदा	257
त्रेता राम अवतार धारे	99
तिस सतिगुर महि जाऊँ बलिहार	100
तुझसे बिछुड़े गोबिंद ठाकुर	101
तुझ बिन जिंद जुदाईआं	281
तुझ बिन दुख घनेरे सहने	216
तुझ बिन प्रेम ना उपजे	282
तुझ बिन मन लोचदा हरि राय	282
तुम पातशाहों का पातशाह	103
तुम दान देओ हरि भगतन को	215
तुम मेरो साहिब ऊच महान	104
तुम मेरो गोबिंद ठाकुर दातार	217

धन नानक

तुम मेरो प्रीतम प्रभ किरपाल	105
तुम मेरे ठाकुर राम रघुराई	283
तूँ अल्ला तूँ राम रहीम	106
तूँ सखी तूँ सखा	107
तूँ सभनी थांई जित्थे हउँ जांई	108
तूँ सभनी थांई तुझ देखे मन मान	218
तूँ साजन तूँ हरि प्रभ पूरा	220
तूँ साहिब मैं तुमरो दासा	219
तूँ सांई दीन दयाला	109
तूँ ही तूँ मन हर वेले बोले	231
तूँ ही मेरा सजन पिआरा	221
तूँ जाने तुझ तांही मानै	284
तूँ दाता तूँ अंतरयामी	206
तूँ देंदा आया देवणहार	110
तूँ दाता पालणहारा	223
तूँ पातशाहों का पातशाह	224
तूँ बेअंत बख्शंद बख्शणहार बाबा	110
तूँ महाराणी जग कलियाणी	111
तूँ मेरा बंधप तूँ मेरा सुआमी	107
तूँ माई तिंन पूत जाई	113
तूँ मेरा ठाकुर गोबिंद गोसांई	114
तूँ मेरा रंग रंगीला साजन	118
तूँ मेरे ठाकुर ठाकुर गोसांई	286
तूँ ठाकुर मात पिता हमारे	222
तूँ वड्डा तेरा नांओ वड्डा	115
तृष्णा मिटे मेरे मन तन की	280
तीजी लावैं दुख सुख सांझा	178
तेरा कीरतन कीरती	116
तेरा नाम हरी हरि पूरा	117
तेरा नाम प्राण अधारा	225

तेरी महिमा बेदां तहि नाही जाणै	118
तेरी कुदरत तेरी जन्नत	112
तेरे आशिकां दे इश्क अव्वले ने	288
तेरे सहारे मेरे राज दुलारे	226
तेरे गोसांई राम रहीम करता	119
तेरे तोल तराजी तों लैके	288
तेरे भरे भंडारे लाल जीओ	120
त्रै नारी तिनहे आदि कुआरी	121
तैंह हरि नाम जपेओ	227
(द)	
दया सति संतोख नाम चारे धरम	122
दयावंत दयाल पुरख खसम हमारे	228
दरश देओ मेरे राम जीओ	124
दर्शन की लागी पिआस	201
दर्शन कहत शब्द चित्त लावां	60
दर्शन राम तेरे काज सवारे	42
दाढ़ीआं रखण केस सजावण	289
दास जनो को प्रभ भयो दयाल	229
देओ दान नाम आपने दासन को	125
देओ मीत सजन मेरे रामा	98
दीओ मोहे नाम दान	126
दीजो दरस माहे मेरे ठाकुर जीओ	290
दीन के दाता गरीबों के वाली	231
दीन दयाल सतिगुर पुरख हमारे	127
दीन दयाल राम प्रभ शाम अबिनासी	128
दूजी लावैं तन मन धन संग	177
(ध)	
धन निरंकार जो करे सो करतार	129
धन शिव त्रिलोकी नाथा	130
धुरों त्रिलोकी तरशूले	131

(न)

नमो गणेश नमो गणेश	132
ना चितारे अवगुण हमारे	232
नदर करो मेरे प्रीतम पिआरे	291
नानक सच है नानक है भी सच	133
नानक ना+न+क	134
नानक नाम अमोलक रतन	136
नानक नाम सिमरो संतो	137
नानक भयो किरपाल	138
नाम सिमर दुख कट्टे जाण	285
नाम की दात मिले गुर शरणी	137
नाम की महिमा अपरम्पार	139
नाम जपत मन भयो निहाल	139
निओटेओं का आसरा	140
निस दिन जपीये प्रभ का नाम	141
नित्त दिन याद करेसां मेरे साहिबा	286
नित्त निमाणी करे अरजोई	292
नीलकंठ नारायण निरंजन निमाणा	142
नैण निराकार निरंजन नारायण सुआमी	143
नैन नैनण नैननण	144
नंद गोपाल ठाकुर दातार	145

(प)

पहले घर तो इक सजाया	146
पहली लांव प्रभ पढ़ेओ	176
पतित पावन प्रीतम गोसांई	234
प्रभ सुखदाई सतिगुर दयाल	237
प्रभ जीओ मैं आयो शरण तुमारी	238
प्रभ जीओ मोहे नाम दीजो	293
प्रभ जीओ मन चाओ लागा है	147
प्रभ दरगाहे संत की सोभा	57

धन
नानक

पँच सा पे सतिगुर सेवा 233
पँच सा पे जाऊँ कुरबान 234
पँच तन कीओ परधाना 235
पँचम बसत पँच विकार 236
पीड़ पतित पावन प्रितपाल 239

(फ)

फिरत फिरत दर दरवज्जे 287

(ब)

बहुमुल्ला रे भाई 266
बनवारी बनवासी राम शाम गोबिंदा 148
बलबावन बलराम गुसईआं 294
बारां माहा 149
बंधन मुक्त हरि दर्शन कओ 240
बिन हरि भजन रंग रस जेते 292
बिन मांगे सभ किछ दीओ 241
बे-डर बे-वैरी 154

(भ)

भगत कमाई ठाकुर तुध ते पाई 155
भगति कमाई गुर तुझ ते पाई 156
भज मन बावरे भज मन नाम 26
भरोसा रख गुरू आपणे ते 157
भले चंगे प्रितपाल ठाकुर जीओ 158
भाई रे काहे रे मन डोले 295

(म)

महादेव गुरू ब्रह्मा विशनूँ 159
मन तूँ काहे करे चतुराई 297
मन में पिआस नित्त सतावे 300
मनमुख उपजे पँच विकारा 298
मनमुख मन होवे परधान 299
मानस जनम पाया है तो 242
मेहरबान मेहरबान मेहरबान 161

धन नानक

मिठ्ठत मीठे मनमोहन पिआरे	301
मिठ बोलड़ा हरि हरि हरि हरि साजन	160
मिठ बोलड़ा तूँ साजन पिआरा	243
मिल मेरे ठाकुर राम रघुराई	302
मुकटधार गिरधारी मुरारी	162
मुझ महि तुझ महि भेद नाही	163
मेघ बरस मेघराज मेरे	244
मेरा साजनड़ा हरि साजनड़ा	245
मेरा गोबिंद सुंदर मैं खड़ी निमाणी	164
मेरा मन तृप्त अघाई	246
मेरा माण भी तूँ मेरा ताण भी तूँ	165
मेरा माण भी तूँ (माण ताण)	247
मेरे सतिगुरू सभना टेक तुमारी	166
मेरे सतिगुर किरपा कीजै	248
मेरे साजन सोहणे सुहेलड़े	167
मेरे गुरू गंभीर गुणिआर बिधाते	249
मेरे पीआ वसे परदेस सखी	303
मेरे मन हरि प्रीत कर ऐसी	249
मेरे मीत पतित पावन सुख सागर	304
मेरे पतित पावन पीआ मन भाये	250
मेरे ठाकुर गोबिंद राम जीओ	167
मेरे ठाकुर भयो किरपाल जीओ	168
मेरे ठाकुर ठाठ रचाया	177
मेरे ठाकुर राम गोपाल	169
मेरे रामा मेरे कृष्णा	170
मेरो राम रमईया तेरा अंत ना जाणा	172
मैं सिम्बल दा रुख वे सजणा	305
मैं गरीब दास तुमारा	251
मैं तां जाणा एको दाता	306
मैं तेरे गुण गावां	173

मैं तुध प्रीत लगाई	227
मैं निमाणी करमहीन	307
मैं निमाणी करां अरजोई	308
मैं निमाणी माण करेसां	309
मैं मूरख की गत नहीं कोई	311
मोहे आपणा नाम देओ	252
मोहे दर्शन की पिआस रे	274
मक्के हज्ज गुजारन मोमन	312
(र)	
राख लेओ राखनहार सुआमी	127
राजे राज कमांवदे	314
राम सिमर मन मेरे शब्द अघाई	253
राम नाम की महिमा निआरी	56
राम भज मन बावरे	315
रामा तुध बिन ना को सहाई	316
रे मन अनहद शब्द पछाण	174
रखण रोजे मनावण ईदां	313
(ल)	
लाल दीजै हरि नाम दातारै	175
लाल रंगीले प्रितपाल हरि राय	191
लावां (सहकार)	176
लोगन की है बात निराली	317
लोचदा ए मन मेरा	257
(व)	
विसरै ना मन प्रीत तुमारी	180
(स)	
सहज सुख सुनेदड़े सतिगुर	40
सगल धरत तुमारी राम जीओ	42
सजन सुंदर मनमोहणे नूँ	260
सति नारायण सति सिंगारी	43

धन
नानक

सतिगुर आप दयाल भयो	190
सतिगुर साजन सनेंदड़ेआ	191
सतिगुर सेवा सिख कमावै	44
सतिगुर सेवा मिले वडभागी	192
सतिगुर सोभा जग से निआरी	45
सतिगुर करे सतिगुर करो	193
सतिगुर गुरू गिआन दीआ	46
सतिगुर पूरन पुरख हमारे	194
सतिगुर मेरे प्राण अधारे	195
साध संग हरि उत्तम संग	263
साध संग जिस हरि हरि धिआया	47
सति संगत गुरू की हरि पिआरी	262
सतिगुर प्रभ भेद सिमरन नाम परूफ	48
सतिगुर पूरा आराधिऐ	49
सतिगुर पूरन पुरख सुजान	50
सतिगुर जीओ मेरे पूरे हरि राय	51
सतिगुरू नानक दयाल माहि	176
सभ किछ मिला तुमहें दान में	196
सभ थां सोहणे मनमोहन पिआरे	198
सवास सवास प्रभ नावैं	261
सच्चा परवरदिगार	224
सिख सो जो खिमा विचारे	52
सुण सुण जीवां अमृत बाणी	225
सुण बेनती मेरी प्रभ किरपाल	264
सुणां पढ़ां नित तेरी बाणी	277
सुणो अरजोई दीन दयाल	201
सुणो बेनती मोहे नाम दीजे	53
सुणी सच्ची बाणी गोबिंद तुमारी	155
सुखदाई प्रभ अब तब सभ जाणै	54
सूरा सो जाणेआ जिन हरि रंग माणेआ	55

संतां सिदक हरि पूरा कीनेआ	56
साहिब आपने की करो चाकरी	200
साहिब मेरो मेहरबान भयो	57
सेव सेवण रामायण गीता	58
सो सुहागण मेरे सतिगुरू जो प्रीतम	179
(श)	
शरन पड़े दोये हत्थ जोड़	199
शरण पड़े दोये हत्थ जोड़ सुण लेओ	265
शिव शकती बिन चले ना खुदाई	113
(ह)	
हउ कलि माहि नाम बिना	197
हम करने आये लोक भलाई	202
हम पापी हम ऐसे	59
हक्क पराया जो खावे	266
हरि की सेवा उत्तम संतो	60
हरि के बंदे हरि किओं भुलायें	268
हरि जीओ किरपा करो	203
हरि प्रभ पूरे ठाकुर सुआमी	61
हरि राय सिमरे सचखंड वासी	62
हरीश चंदर राजन सच्च धन	63

धन नानक

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नानक सच है, नानक है भी सच,
नानक सच है नानक सदा ही सच॥

धन
नानक

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

अरजोई निराधार

हे दाता,

पहली उपमा तेरी दाता, दूजी तेरी खुदाई,

तीजी तेरी ओट आसरा, चौथी रहिनुमाई,

पँच घरों सो तेरा माण, पँचम सांझ जगाई,

मैं नीच तेरे दास को दासा, धन नानक सभ तेरी वडियाई॥

धन
नानक

आदिमणी

धन
नानक

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

साध संग जिस हरि हरि धिआया।

दर्शन अगम रूप जग माहि समाया।।

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

उत्तम नाम तुमारा माधो, सभ माहि समाया॥
गुण नाही मोहे ठाकुर, मन तुध संग सितलाया॥
हरि गोबिंद पूरा प्रभ आपे, हरि साजन अमृत नाम कमाया॥
कामन काया कंत पिआरी, गुर पूरे मेल मिलाया॥
नानक प्रभ दरस दीजिये, जन दर्शन सुख निहाया॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

अठसठि तीरथ का वरदान,
दर्शन सचखण्ड नानक धाम, कलि महि है प्रधान,
सर सरोवर करो इश्नान, निस दिन सचखण्ड नानक धाम।।
सतिगुर मेरे सुणो अरजोई, मोको दान दीजै हरि नाम।।
भज मन बावरे भज मन नाम, को काम नहीं तन को चाम।।
भोर भई और नर नहीं जागा, दिन दिन पल पल भई शाम।।
बिन सिमरन जम का भौ लागे, सगल जहां के बिरथे काम।।
दर्शन को काहू को नाही, वसतू पराई जाण तमाम।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

अमावस इश्नान उत्तम भयो, तन मन धन गुर चरनी थीओ॥
जनम जनम के पाप मिटै होवै दूर हनेरा,
जो जन गुर की शरनी परेओ पावै सुख घनेरा॥
जप तप दान पुन्न फल मिलेओ गुर से भाई,
हउमै मार हंकार तज मन की मैल गवाई॥
सभै इच्छा पूरीआं जब होये सतिगुर दयाल,
गुर की महिमा कथी ना जाये अंग संग चले नाल॥

गुर के बचन मन्न मेरे जीआ हरि को हिरदे वसाऊँ,

दर्शन कहे सुण मेरे चीता मुक्ती का वर पाऊँ॥

(यकीन)

(दोहा)

आ अल्ला, आ राम आता है, अल्ला तो आ जाता है,

अगंम आ ईहां आ उहां इक ओंकार॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

अलख नारायण निरंजन मेरे राम, काटो बंधन मेरे पुरख सुजान।।
तुध आगे अरजोई हमारी, दास करो परवान।।
सिमरे नाम तुमारा मेरे ठाकुर लख चुरासी कट्टे जाण।।
दरस देओ मेरे तीर त्रकड़ी सुलतान।।
तुम मेरे पिता परमेशर गोबिंद भगवान।।
तरे तिरलोचन सिख की निआई, गुरू चेला इक समान।।
बचन मन्न मेरे भाई दर्शन प्रीत तुध संग लाई।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(पदम पँचमणी)

अमृत पीओ जुग जुग जीओ, यश यशवंती हरि चरणी थीओ।।
थान थनंतर वसै बैकुण्ठ वासी, चवर छतर नाथ विशश दीओ।।
लखां हूरां लखां इंदर, सेव करेंदे लख सूरज चंदर।।
लखां देवीआं कोटी देवते, लख कोटी सेवन पीर पैगंबर।।
लखां अहिलया लखां गौतम, हथ जोड़ खड़े लखां गोरख मछंदर।।
ब्रह्मा महेश विशनूं जपते, भेख वेस तन धार कलंदर।।
कहु दर्शन चरनामत लीओ, तन मन धन सभ प्रभ को दीओ।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

अमृतधारा बरसै मनवा, करले तूँ इश्नान,
जनम जनम के धुल जायेंगे तेरे पाप तमाम, भजले राम, भजले राम।।
रोम रोम में रम जाये जो, वो है राम का नाम,
शरधा से तूँ धिआले पिआरे, पूरन होंगे काम।।
राम नाम से पत्थर तर गये, राम है तारनहार,
राम नाम की महिमा निआरी, पूजे कुल जहान।।
राम है विशनव राम महेश, राम है ब्रह्म गिआन,
जो जन सिमरे सच्चे हिरदे, दर्शन दीओ राम।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

अमृत नाम सिमर मन मेरे, नानक अपणी मेहर करीजै॥
नैन तरस भयो दरस तुमारे, राम राजे दुख काटो हमारे॥
हम ना जानो तेरी माया, मेघ राज हुकम फुरमाया॥
संत सहज सद अटल दयाल, होये मेरे ठाकुर नंद गोपाल॥
गोबिंद देख दरस तिहारे, नित दिन दर्शन नीच तुझे पुकारे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

अक्खां दा तकणा काम दी है भावना,
कन्ना दा ए सुनणा, रूप है शैतान दा।।
नक्क दा ए सुंघणा गुण पसू माल दा,
सवादां दा ए चखणा रस है जुबान दा।।
सरीर दी ए गरमी सबूत है हंकार दा,
मनुख दी ए सोच सप्प ते बांदरी दी चाल दा।।
सभे गल्लां सिधीआं ते सच्चीआं ने जापदीआं,
दर्शन दीआं बुझारतां साहिब ते जनाब दीआं।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

आपे आपणे आप काज सवारे, हरि साजन मीत पिआरे॥
आपे साजे आप निवाजे, मेरे सतिगुरू नंद गोपाला॥
गुर पूरा प्राण अधारा, तिस सतिगुर को नमस्कारा॥
हरि राखो मैं बंदा तुमारा, बिन नामै ना होसी पार उतारा॥
गुरू वड्डा गुरू गोबिंद, दरस पेख उतरे चिंद॥
एको बणत बाणी बण आई, दर्शन गुर पूरे गोबिंद गोसांई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

एको सभना दा दाता, एको है पुरख बिधाता।।
एको का सगल संसारा, एको जग माहि निआरा।।
एको शब्द नाम खुमारी, एको हरि प्रीत निआरी।।
एको नाम हिरदे वसाऊँ, एको संग परम पद पाऊँ।।
एको गुणी निधान बिधाता, एको दर्शन सभ का दाता।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

इक्को दाता इक्को उम्मत, भिन्न भेद नाही कोये।।
भेख उतारण वेस सवारण, प्रभ सहाई आपे होये।।
ऐथे ओथे रहे निआरा, भगत वसल किरपा सोये।।
सच्ची सांझी सोभा उसदी, दर्शन कारज हरि संग खलोये।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

एक ऊपर ओंकार सजाया, सतिनाम दा जाप कराया।।
तिस की सुणी वडियाई, आपे आप हरि सिओ,
हरि जन सेव कमाई।।
गुरू मिलेया वडभाग सेती, हरि जन जोती जोत समाया।।
आप नारायण नर बण आया, चार कुंट दस दिसा तारे खुदाया।।
नानक नाम कलिजुग कलि माहि,
दर्शन दास जुग जुग रहिआ समाया।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

एक ओंकार राओंकार सैभं सतिनाम,
सतिगुर समुंद हरि नाम समाये॥
दान देओ नाम भगतन को,
जिस संग पँच दुष्ट भरम छूट जाये॥
एक ओंकार राओंकार सतिनाम जोत निरंजन,
प्रभ अबिनासी अंतरयामी, दर्शन दास तेरी शरनाई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

एक घड़ी साध संग हरि पल निभसी नाल,
मिलेया हरि प्रभ ठाकुर जीओ॥
शब्द जपेआं अंतर उपजै परगास॥
अगम जोत हरि जन हरि चित्त निरंजन वास॥
हरी दास आपे तूँ दासन को दास, संत सच्च नाम रस॥
रसना जै जै करेओ कार, गुरू गोबिंद गुरू नारायण जीओ॥
गुरू पारब्रह्म गुरू नानक रहेओ हर थांई॥
दर्शन गुरू भेटेओ आपणा, छूटी जम की फाही॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सहज सुख सुनेदड़े सतिगुर,

सच्च संतोख दया नाम चहुं धरमां दे सांई॥

एको वरन एको धरम एको करम गुसांई तूं सभनी थांई॥

सिरजनहार सच्चे पातशाह सच्च तप्पसिआ सच्च चंदरमाये,

दिसे नाही दिसाये॥

सिदक भयो हरि अरजन को शहादत सिर दीजै,

गुरू तेग बहादुर पिता गोबिंद राय, जिनही दीओ पंथ खालसाये॥

सच्च सिदक सरबत्त साध संगत शहादत सिंघ जो बण जाये,

भूल गयो वचन गुरूवन के दीओ फिर समझाये॥

दास धरम चलेओ फिर कलि माहि,

जिस दे सांई दर्शन अगम गोसांई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सगल धरत तुमारी राम जीओ, हम भयो कीट पतंगा॥
तुध आगे अरजोई हमारी, काटो जम का फंधा॥
निरगुण सरगुण राम मेरो भाई, पाप प्रभ बख्शंदा॥
करो चाकरी आपणे सतिगुरू पिआरे,
दर्शन राम तेरे काज सवारे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सति नारायण सति सिंगारी, सरसवती माँ आदि नमैं।।
श्री लक्ष्मी बलबावन भयो, आदि नारायण पूरन कीओ।।
श्री लक्ष्मी नाम माया नाही, श्री लक्ष्मी नाम मात ज्वाला।।
श्री लक्ष्मी आसन जगदीश महि बैठेओ, लक्ष्मी जग की बाला।।
ओंकार निराधार निराकार सुआमी, हरि आपे अंतरयामी।।
धन गोबिंद ठाकुर तुम पूरण पुरख अबिनासी,
सुणो बेनती जगजीवन दाता।।
हरि आपे तूँ पिता माता मोहे गुण नाही कोये,
दर्शन हरि तूँ बंधप भ्राता।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुर सेवा सिख कमावै, सतिगुर शरण परम पद पावै॥
सतिगुर लीन सिख लिव लावै, सतिगुर सोभा सिख जन पावै॥
सतिगुर सिख कार निआरी, सतिगुर शब्द सिख नाम खुमारी॥
सतिगुर सति सिख जो जाणे, सतिगुर सिख सदा अनंद माणै॥
सतिगुर सिख सगल संसार, दर्शन जन तिस को सदा नमस्कार॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुर सोभा जग से निआरी, सतिगुर सेवा प्रभ नाम खुमारी॥
सतिगुर सफल मूरत अकाल, सतिगुर खालस अटल राज॥
सतिगुर सुन्न समाधी ओंकार, सतिगुर सेवन सुआमी निराकार॥
सतिगुर त्रिलोकी पूरन काज, सतिगुर जोती आदि निराधार॥
सतिगुर उपदेश शब्द सवारी,
दर्शन सतिगुर चरण आतम पिआरी॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुर गुरू गिआन दीआ, गुरू हुकम मन्न मेरे जीआ।।
हुकमे अंदर सूरज चंद पवन सभ तारे,
नदर करे जे मेरे राम पिआरे।।
करां अरजोई मेरे सतिगुर दरस देओ खसम हमारे,
नानक कहे बिन हुकम ना तरसैं हुकम मन्न पिआरे।।
सेवा संतन की भली संत सेव कमावे,
सेवा जगत ना संग जासी नाम चित्त लाये।।

नाम सो जन सिमरे दर्शन जिनहे गुरू जनाये,
दुनिया दे वाली राम दीआ सुगरीवे राज,
दैंत दुष्ट मारे बाली मार दिखाये॥

(यकीन)

शलोक

साध संग जिस हरि हरि धिआया।
दर्शन अगम रूप जग माहि समाया॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुर प्रभ भेद सिमरन नाम परूफ॥
सतिगुर सार शब्द शरण मख़लूक,
सतिगुर प्रभ अबिनासी निरवान सरूप॥
सतिगुर भगती भगत संग अटूट,
सतिगुर आप करनेहार, दर्शन भवजल पार उतार॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुर पूरा आराधीऔ, मन शांत हो जावे॥
सतिगुर पूरा भेटीऔ, जम लागे ना आवे॥
सतिगुर साजन हरि पूरा, मेरे प्रभ सुआमी॥
सतिगुर गुर मेल मिलायेंदा, मेरे प्रभ अंतरयामी॥
सभहि जगत सुखी खावे और सोवे,
दर्शन नीच दुखी जागे और रोवे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुर पूरन पुरख सुजान, सतिगुर एको वैरी मीत समान॥
सतिगुर सुभागे जीव जंत धिआन,
सतिगुर आदि जुगादि मेहरबान॥
सतिगुर पँच शब्द फुरमान, सतिगुर सुरत धन रहमान॥
सतिगुर लीन सच्च लिवलान, सतिगुर शाह शाही सुलतान॥
सतिगुर दया दयावंद मेहरबान,
दर्शन जन सतिगुर पहि कुरबान॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सतिगुरू जीओ मेरे पूरे हरि राय॥
जिस मोहे नाम देहो धन, अपनी मेहर दरसाये॥
तिस सतिगुरू कओ बलिहारी मेरे रामा,
जिस किरपा कीनी सभहि दुख नस जाये मेरे रामा॥
सतिगुरू मेरे अगम अगोचर ठाकुर,
जिस डिठेआं मोह माया छूट जाये॥
दर्शन दास प्रभ पूरा भेटेओ, प्रभ के गुण हिरदे वसाये॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सिख सो जो खिमा विचारे, सिख सो जो पराया हक्क ना मारे।।
सिख सो जो खोह के ना खावे, सिख सो जो हक्क हलाल वरतावे।।
सिख सो जो लोभ ना भावे, सिख सो जो वंड छकावे।।
सिख सो जो शब्द मन आवे, सिख सो जो सतिसंगत कमावे।।
सिख सो जो सतिगुर शरन लिव लावे,
सिख सो जो आप जपे अवर जपावे।।
सिख सो जो सहज धारे, सिख सो जो दुष्ट मन मारे।।
सिख सो जो धरम धारे, कहु दर्शन सीस देह सिदक ना हारे।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सुणो बेनती मोहे नाम दीजे, मोहे मन कीजो प्रभ वास॥
संत जन हरि तेरो मीत, संतन की पैज राखो प्रभ आप॥
गुरू संग होर नाही कोये, सतिगुरू संग सेवा सफल होये॥
लखमी की ना आवे थोड़, कीजे दया दर्शन कहे हथ जोड़॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सुखदाई प्रभ अब तब सभ जाणै,
जद मन हरि राय मन हर रंग माणै, मुख तों एह समझाई।।
सभ किछ तुझ को सौंपेआ हऊ कुछ संग ना जाई।।
भयो प्रितपाल सतिगुर दयाला,
एह सभ मन जाई,
तूं सभनी थांई दर्शन हऊँ जित्थे जांई।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सूरा सो जाणेआ जिन हरि रंग माणेआ,
तोलेआ तोलणहार सुआमी माया संग तोलेआ ना जाई॥
प्रेम भयो कंत राधा प्रेम संग तुल जाई,
आप समाणा आपे सुजाना तुझे धिआना महा सुख पाणा, तुझे मन भाई॥
बिना प्रेम ना कंत भयो तन मन धन सभ छूट जाई॥
सेवा साध संग कीजै साधू बिना ना समाई,
बिन साधू सभ संग छूट जाई॥
संग जासी प्रेम पीआ दास दीन दया दाते,
दर्शन अगम मुक्त प्रभ शरण पाई॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

संतां सिदक हरि पूरा कीनेआ, प्रभ संग जपेओ नाओ जीओ॥
सतिगुरू सेवा उत्तम धारा, सगल थांओ वसेआ ओंकारा॥
राम नाम की महिमा निआरी, बिन नामे जनम जायो खुआरी॥
अपने दास की सुणेओ पुकार, हरि दीजो मोहे नाम अधार॥
भरम कलेस सभहि नस जासी,
जन दर्शन गुर पूरे प्रभ अबिनासी॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

साहिब मेरो मेहरबान भयो, संत संग हरि नाम धिआया॥
प्रभ दरगाहे संत की सोभा, सतिगुरू शरन लिव लाया॥
जग माया खेल रचा के, हरि आपणा भेद छुपाया॥
भगत भौ भरम नाही ठाकुर, गुरदेवा जम फंदा छुडाया॥
जन दर्शन करता आप, आदि जुगादि समाया॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

सेव सेवण रामायण गीता, गुर किरपा हरि उपजी प्रीता।।
भरम भौ लाथे नाही, चरन कंवल बिन चरनामत लीता।।
नवखंड प्रथम दस इंदरीआं, दस दुआर बवंजा किंगरीआं।।
बारां थंम छत्ती हजार राग रागणीआं,
संत सहज अलख नारायण एको रसना सिमरनीआं।।
चार दिशा त्रिलोकी बसत है, तिस ऊपर बैठे निरंकार लिव लाये।।
बाहर तलाश कुछ नाही पाये, अंतर देह सतिगुर मीता।।
दर्शन जन प्रभ परउपकारी, जुग जुग चलेओ नाम की रीता।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

हम पापी हम ऐसे, तुम पाप खंडन जैसे॥
खिन भीतर मोहे पाप बिसारे, देओ दान हरि साजन पिआरे॥
बिन नामै मुक्त ना पावै, नाम बिसारे अवतार धारे॥
मन माहि मन मान जाई, जित तित नाम धिआये॥
दर्शन अगम रूप जग माहि समाये, तूँ सभनी थांई हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

हरि की सेवा उत्तम संतो, बिन नामे हरि ना पावे कोई।।
मेरे सतिगुर अगोचर जीओ, रह रवेओ भरपूर सभनी थांई।।
संत संग हरि जपेआ मन होवे निहाल,
कर किरपा मेरे सतिगुर पूरे मेहरबान।।
एको दाता सभहि जीव तुमारे, तेरे जन हरि रहे निआरे जीओ।।
गुरमुख गुर शब्द कमावे, गुर पूरे गुरमुख मन भावे।।
दर्शन कहत शब्द चित्त लावां, आपने सतिगुर बलि बलि जावां।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

हरि प्रभ पूरे ठाकुर सुआमी, हर थांई वसे प्रभ अंतरयामी।।

हरि मेरा राम प्रभ अबिनासी,

करेओ दया ध्रुव प्रहलाद जैसी।।

राम राम साधू को जैकार, राम नाम की महिमा अपरंपार।।

किरपा करो दर्शन गुण गावै, हरि जीओ उत्तम नाम तुमारो।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

हरि राय सिमरे सचखंड वासी, हरि सिमरे प्रभ अबिनासी।।
हरि सिमरे दुख नाठे, काज सवारे सुख सहज समाये।।
हरि सिमरे ना घण लागे, हरि सिमरे गुर रंग माणे।।
हरि सिमरे नाम अधारा, हरि सिमरे अठसठि तीरथ पार उतारा।।
हरि सिमरे मुख उजिआले, हरि सिमरे मन छूट जाये।।
हरि सिमरे परम पद पाई, हरि सिमरे दीन दरद सभ नस जाई।।
हरि सिमरे आतमा जागे, हरि सिमरे मोह माया तिआगे।।
पँच दुष्ट जम लागे ना आसी, दर्शन गुर पूरे प्रभ अबिनासी।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(धर्म)

हरीश चंदर राजन सच धन कमांवदे,
बहु बिध दान धर्म करम उपकारी।।
प्रभ सेवा हुकमे गुर भाणा मन्नेआ, पतनी मूल गुर दक्षणा तारी।।
पुत्तर दफनी जगह ना मिलसी, खसमे कार मेरी वफादारी।।
सति संतोख धर्म राय डोलेओ, जाप ताप तात वफा ईमानदारी।।
जन दर्शन दया करो ठाकुर, ऐसी सुमत्त सोभा जैसी ताबेआदारी।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

कर किरपा प्रभ किरपा निधान,
दया मेहर करो मेरे सतिगुरू मेहरबान।।
दरस देख देख मन होवे निहाल, शब्द संग प्रभ भयो किरपाल।।
सिमर सिमर सभहि वेद पुराण, संत सति एको जाण।।
बिन नामै जनम बिरथा जाये, सुनहो बेनती मेरे हरि राय।।
कर साजन कार कमाई, जन दर्शन संग तुम होवो सहाई।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

करते पुरख सखी सगल सहेली,
किरपा धारे प्रभ आपणी एहो मुक्त दुहेली॥
दीन दरद सिर दुख कीओ तिनहे उधार,
नाम जपत पूरन प्राणी भवजल उतरे पार॥
नानक आदि जुगादि है भी होसी पैरीं तिनहे नमस्कार,
आ मिल राम पिआरे सहज संतोख पातशाह पावन पार उतारे॥
ब्रह्मा महेश विशनाये कीओ तिनहे नमस्कार॥
भयो कलि माहे रूप नानक दीओ सतिनाम अधार,
दर्शन दास दासन को दासा हिरदे वसै प्रभ परगास॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

करन करावन करता आया, मन चित्त रहेओ समाये॥
बेद कतेब वसै नाही, ना मक्के काबे खुदाये॥
अंतर की बिध जानो नाही, किआ होसी सीस निवाये॥
कूड़ कमावण मनमुखी, गुरमुख प्रीत ना लाये॥
साकत पँच दुष्ट मन संग, अंतर हिरदे हउमै वसाये॥
जन दर्शन नाम दीजो, प्रभ आपे ई होवो सहाये॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

करम करीम सेव कमावां, जा तुम होवो सहाई॥
मेहर करो मेरे सतिगुरू सांई, देओ नाम निधान मेरे राम गोसांई॥
मन चित्त आवे पारब्रह्म, हर दम तुझे धिआई॥
तेरी महिमा गुणी गुणिअंत, हरि हरि सिमर सुख बेअंत॥
तूँ ठाकुर प्रभ बख्शंदा, दर्शन नीच जन तेरा बंदा॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

किरपा करो दीन दयाल, नानक गोबिंद सति करतार जीओ।।
मन चित्त सिमरां नाम तुमारा, हरि साजन सुख सुहेलड़े जीओ।।
देखां दरस होवां निहाल, हिरदे वसे प्रभ किरपाल।।
सतिगुरू संग सुहागणा, कुसंगती पीड़ा मरन जीओ।।
मनमोहन मुकंद मुरारी, मनमुख मुक्त करो।।
ओम नमै गुरू अष्ट, भगवत होमेओ अष्ट।।
शांत सीतल सति नारी, दर्शन पुरखन पार करो।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

किरपा करो मेरे ठाकुर सांई, हउ तुध पे वारी जांई॥
जप जीवां तेरा नाओ, मेरे गोबिंद गोसांई॥
सिमर सिमर सभ भयो पुनीत, मैं मूरख किआ चतुराई॥
दीन दरद दुख भंजना, काटो जम की फाही॥
सभहि खेल आपे खेले, दास जनो को दे वडिआई॥
मेरे सतिगुरू कीजो मेहर, राखो अपनी शरनाई॥
एको टेक दर्शन जीवे, काहे को देर लगाई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

किरपा निधान किरपा करो जन आपने,
हरि जीओ उत्तम नाम तुमारा।।
बुरा भला किआ जानो ठाकुर, सभ माहे तेरा पसारा।।
हरि नारायण हरि साजन सुआमी, तेरा सोहणा सुंदर मुख सुहावा।।
हरी हरि हरि गोबिंद आपे, गुर शब्द सहज समाया।।
दर्शन प्रभ करे बेनंती, मोहे नाम दीजे मुक्त अधारा।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

कालिंगा गुणी गणेश सारंग नाभी विशनूँ,
हिरदे ब्रह्म कंठ शक्ती नैनण उमा महेश॥
मसतक सतिगुर शरन, नानक गोबिंद आदि नमै॥

(यकीन)

(दोहा)

गंगा जमना सरसवती देओ एह वरदान,
शिव उठाओ गंगा विशनूँ दा फरमान॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(भाग्य वर्धक, दातें देने वाली, काली शक्ति)

काली कालिंगा काया कलप करम दाती मुखों एह सहाये,
बोल बचन तहिं हरि दर्शन अटल जाये॥
अटल अष्ट अठसठि तीरथ इश्नान, सचखण्ड नानक धाम॥
जो इश्नान सर सरोवर कर जाये,
तिस जन दुख हरै सतिगुर नाम धिआये॥
नमै नमै नमै नमेओ डंडौत बंदना, आदि जुगादि है भी होसी,
दर्शन प्रभ तेरी शरनाई, हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गंभीर गोसांई गुणिआर बिधाते,
गुर साजन सतिगुर पुरख हरि राय॥
गुणिआर बिधाते गुरू गंभीर पुरख, सतिगुर साजन हरि राय॥
बिधाते पुरख साजन सतिगुर, गुरू गंभीर हरि राय॥
सतिगुरू गुरू गंभीर गुणिआर बिधाता, पुरखै सुजाना हरि राय॥
पुरख सुजाना सतिगुर गुणिआर, गंभीर बिधाते हरि राय॥
सजन बिधाता गुणिआर गुरू गंभीर, सतिगुर पुरखै हरि राय॥
हम गरीब गुण ना कोई, तुम दान देओ मेहरबान॥

मेहरबान मेहरबान हम गरीब देओ दान,
मुक्त भुगत मत्त सुजान।।
गुणी गुणिआर गुरू गंभीर सतिगुरू मेहरबान,
गुरू गंभीर देओ दान नाम।।
प्रितपाल ठाकुर जीओ जो तुध मन भाणा,
देओ दरस दर्शन शरनाई हमे मेहरबान।। (यकीन)

(दोहा)
गुरू बिन नाही कोई सहारा,
गुर शरण मिले मुक्त दुआरा।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुर पारब्रह्म परमेशर दीओ नाम अधार,
संत जन तुध नाही भेद पूरन पुरख मुरार॥
सेव भयो जगत संतन की मुक्त कीओ हरि राय,
तुझ माहे मन माने तुम होवो सहाये,
दर्शन सतिगुर पूरे मेरे हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुर पूरा वडभागी पावां, जनम जनम की मैल गवावां।।
गुर मिल होसी नाम अधारा, गुर महिमा तेरी अंत ना पारा।।
गुर बिन ना कोई संगी, गुर संग जम नेड़े ना आसी।।
गुर पारब्रह्म परमेशर पुरख हमारे,
नानक प्रभ दरश देओ, दर्शन देओ पिआरे।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुर पूरे हउँ जाऊँ कुरबान, गुर पूरे सदा सदा मेहरबान॥
गुर अठसठि तीरथ इश्नान, गुर पूरे रख आन मान॥
गुर पूरे ठाकुर राम समान, गुर पूरे पँच शब्द गिआन॥
गुर पूरे देवत नाम दान, गुर पूरे वस क्रोध काम॥
गुर दरगाहे पायो माण, गुर के दर्शन दुख कट्टे जाण॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरबाणी गुड़ मीठी लागी, गुरू गुरू गुर दीजै॥
चरण धोये गुर आपणे जीओ, चरणामत भर पीजै॥
सहज निवाजे किरपा करो, गुरमुख गुर नाम दीजै॥
गगन गुरू गंगा गुरू, गुरू गोदावरी जीओ॥
भगवत जीओ, भवजल पार करीजै॥
गुरू राम गुरू विशनूँ ब्रह्मा गुरू महेश पारबती जीओ॥
दर्शन कहत गुरू पूरे, मेरे गोबिंद दरस दीजै॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू सतिगुरू भेद नाही कोये, गुरू सतिगुरू इक थांये खलोये॥
सतिगुरू दीओ मोहे पँच विकार, गुरू मोहे दीओ पिआर॥
सतिगुरू दीओ मोहे जम का फँधा,
गुरू मोहे दीओ नाम का डंडा॥
सतिगुरू दीओ मोहे माया जाल,
गुरू दीओ मोहे भवजल निकाल॥
दर्शन जन कहे गुरू निआरा इआं उआं बणै सहारा॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू नानक सभहां तों वड्डा तेरा महल चुबारा।।
खिमा खुमारी नाम देओ, खोजत मन भयो गवारा।।
सगल सूख रह रवेआ मेरा सुआमी,
बेअंत अगम ऊचा तांका दुआरा।।
देओ प्रीत अपणी मेरे राम जीओ,
करे अरजोई दर्शन बेचारा।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू नानक तेरी वडियाई, बेअंत अपरम्पार जीओ॥
मेरे ठाकुर प्रभ दातार जीओ, अंतर की बिध तुध ही जानी॥
सतिगुर आपे करनेहार जीओ, कर किरपा तेरा नाम धिआई॥
तूँ प्रभ मेरा बख्शनहार जीओ, तन मन धन सभ तेरी माया॥
तुम वड्डा हरि मेहरबान जीओ, हरि सेओं हरि मिलेआ माहे॥
मेरा सुआमी दीन दयाल जीओ, नाम सिमर मोहे मन शांत आवे॥
सरब विआपी सतिगुर मेरे जीओ, रह रवेआ सभनी थांओं जीओ॥
दर्शन दास गुरू नानक पूरा भेटेओ, तन मन होया निहाल जीओ॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू नानक दा जपीये नाम पहलां,
जिसनूँ सिमरदा सारा संसार डिट्ठा॥
डिट्ठे ब्रह्मा विशनूँ महेश नाले, राम ते रहमान डिट्ठा॥
देवी देवते जाप करदे, ईश्वर अल्लाह कृष्ण भगवान डिट्ठा॥
रिशी मुनी संत महात्मा दे भेद छुपा के,
खुद खुदा नर नारायण डिट्ठा॥
दर्शन दास वी आखे रब्ब है एको, नानक नाम नवां रख दित्ता॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू नानक मेरे होये सहाई, संत सेती हरि नाम धिआई।।
कलह कलेश सभ कीनो नास, हिरदे वसे पूरण परगास।।
गुरू बिन संग ना को तेरा, परदेस वसेओ हरि प्रीतम मेरा।।
सपत सिंगार घर जासी नार, बेद कतेब करते पुकार।।
दर्शन दास मन चाओ लागा है,
दरस दीजो हरि मन खोल किवाड़।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू प्राण पंथ पूरा, गुरू बिन जन सदा अधूरा॥
गुरू प्रभ जानो एक, गुरू बिन नाहीं कोई टेक॥
गुरू प्रभ भरे भंडार, गुरू बिन नाही उतरे पार॥
गुरू प्रभ एको आस, गुरू बिन नाही कोई सच्ची रास॥
गुरू शरण मिले मुक्त दुआरा, दर्शन भवजल पार उतारा॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू प्रेम सभ से निआरा, गुरू शरन मिलसी मुक्त दुआरा।।
गुरू की महिमा अपरम्पार, गुरू संग भवजल होसी पार।।
गुरू संग प्रभ सदा दयाल, गुरू सेवा कारज आवे रास।।
गुरू किरपा प्रभ होवे सहाई, गुरू उत्तम नाम कमाई।।
गुरू गिआन गुण भंडार, गुरू करम धरम चार।।
गुरू भेद ना सतिकरतार, गुरू हिरदे वसे अगंम दातार।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू प्रेम रखणा, गुरू हुकम माहि चलणा,
हुकम मन्न होवे पार उतारा॥
हुकम मन्ने दरगाहि मान पावे, अठसठि तीरथ करे पार उतारा॥
हुकम मन्ने दुख ना बिआपे, सुख देहु सहज करतारा॥
हुकम मन्ने परमपद पावै, होसी ऊचा तेरा सेवादारा॥
हुकम मन्ने जुगादि होसी सच, नानक सच है नानक सदा ही सच॥
तूँ प्रभ पाप बख्शंदा, दरस देओ करां बेनती, दर्शन दास तुमारा॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुरू पूरे मेरे ठाकुर नारायण,
आपणे सतिगुरू हऊँ जाऊँ कुरबान जीओ॥
हरि जन हरि एको समान, मेरे प्रीतम भयो मेहरबान जीओ॥
साध संग प्रभ होवे दयाल, नाम जपत सफल सभहि काम॥
सतिगुरू नानक वड्डे साहिब सांई,
दर्शन कहत हरि सिमर मुक्त पाई,
पूरन पुरख बख्शो जन आपने वडियाई॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

गुर पूरे मेरे पिता दसमेश,

दयाल होवो काटो भरम कलेश॥

सिमरे नाम तुमारा मेरे साहिब जीओ,

संत रैण इश्नान परहरे जीओ॥

अंधल टेक तुमारी मेरे सुआमी, भवजल पार करो॥

तपों राज बिठाइंदा, दर्शन राजों रंक करे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(अष्टभुजी शक्ति, विपदा टालने वाली - दुख भंजन)

चतरभुजा चौमुंडा देओ हरि राय,
दुष्ट दैंत जिस संग सभ मर जाये॥
देओ शिव सहज वर एहो दास मन भाये॥
जोत निरंजन नीलकंठ नारायण नारंग नारूपी,
निरभौ निरवैर दर्शन संग समाये॥
जहां दिसे दास दर्शन तहां होये सहाये,
ओंकार ओम नमो शिव समाये हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

चवर छतर लेओ बैठेआ ठाकुर, आदि जुगादि रहेओ समाये।।
अगंम मुगध रूप धारेओ, लाज पैज हरि भगत बचाये।।
पँच नीती धरम भिखारेओ, गिरेआ असमान चढ़ाये।।
उत्तम नीच भेद ना जानेओ, कीड़ी से गज मरवाये।।
जन दर्शन प्रभ सुणो बेनंतीआं,
मन चित्त प्रीत कैसे लाये।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

छोड़ मन मोह ममता सतिगुर शरन धार,
देओ दरस दातार नानक नमहि अष्ट महेश तिनहे नमस्कार।।
मै तुझ ता नहीं तूँ मुझ में, ईहां उहां निरगुण सरगुण में।।
दर्शन देख जीवां प्रभ तेरे काटो कलहि कलेश भरम मेरे।।
विछड़ां तुझ से पतित बन जाई,
पावन पवित्र पूरे गुरू मेरे, नानक दास गोसांई।।
पँच दुष्ट मन मोहे बिसारेओ, पैरीं पउणा जग वरताओ।।

सिमरे राणा रंक बराबर, देओ दर्शन मेरे ठाकुर॥

मन मणत गुणी गुणिअंत, तेरी वडिआई कथी ना जाई,

कोट कोट कोट पाप बख्शंद॥

(यकीन)

(दोहा)

चारमुखी दीवा चारे धरम कहाये, सति संतोख दया नाम,

चारमुखी दीवा इक वरण समाये,

साध संगत बहु बिध परम धाम॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

जगत जलंदा राख लओ, प्रहलाद अपनी किरपा धार,
जिनहे मन हरि नाम वसे तिनहे ना सके कोई मार॥
गज गुंझल तंद देवे तोड़ी सुणी मीत पुकार,
बख्श लेओ देव दैंत नानक पुरख मुरार॥
दीओ ताज सिर भगतन को धनुष रूप धार,
काया कामन इंदर राय दीओ तिनहे सवार॥

लीओ कलि माहे जोत निरंजन नानक गोबिंद अवतार,

चोर राक्षस ठग सभहि ही दीओ नाम अधार॥

सेव भयो संत पुरखन की दर्शन सुणेओ प्रेम पुकार॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

जन्नत ए जान गुरू गोबिंद सिंघ, सोढी ए सुल्तान गुरू गोबिंद सिंघ।।
खुदाई ए रहमत गुरू गोबिंद सिंघ, आदम ए अहमद गुरू गोबिंद सिंघ।।
मकस ए मकसूद गुरू गोबिंद सिंघ,
खलक खालक ए मखलूक गुरू गोबिंद सिंघ।।
शमस ए शमशीर गुरू गोबिंद सिंघ, आलम ए अमीर गुरू गोबिंद सिंघ।।
कातब ए तकदीर गुरू गोबिंद सिंघ, खुद खुदा ए तसवीर गुरू गोबिंद सिंघ।।
हुसन ए सरूर गुरू गोबिंद सिंघ, दोस्त ए दसतूर गुरू गोबिंद सिंघ।।
नज़र ए नूर गुरू गोबिंद सिंघ, हादरा ए हदूर गुरू गोबिंद सिंघ।।
राम ए रहीम गुरू गोबिंद सिंघ, करम ए करीम गुरू गोबिंद सिंघ।।

नर ए नसीब गुरू गोबिंद सिंघ, गुख ए गरीब गुरू गोबिंद सिंघ॥
बापरवाह ए बेपरवाह गुरू गोबिंद सिंघ, बादशाह ए शाह गुरू गोबिंद सिंघ॥
बेआसा ए आस गुरू गोबिंद सिंघ, मुहताज ए बेमुहताज गुरू गोबिंद सिंघ॥
तन मन धन तान ए गुरू गोबिंद सिंघ, जनक ए जान गुरू गोबिंद सिंघ॥
हमदम ए दरद गुरू गोबिंद सिंघ, दुखी ए हमदरद गुरू गोबिंद सिंघ॥
दीन ए दाता गुरू गोबिंद सिंघ, काना ए काअबा गुरू गोबिंद सिंघ॥
पूरन ए पुरख गुरू गोबिंद सिंघ, आदि ए गोरख गुरू गोबिंद सिंघ॥
रब्बी ए अवतार गुरू गोबिंद सिंघ, दर्शन ए दीदार गुरू गोबिंद सिंघ॥
सच्ची ए सरकार गुरू गोबिंद सिंघ, शाह ए शाहूकार गुरू गोबिंद सिंघ॥
पँच ए सतिकार गुरू गोबिंद सिंघ, पँचम ए एतबार गुरू गोबिंद सिंघ॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

जब जब होसी अरिशट अपारा, तब तब देह धारे करतारा।।

अकाल पुरख जब भयो दयाल,

तब तब संत जनों की कीओ संभाल।।

गुरदेव माहे भेद बताया, धरम से वरन करम से जात।।

(यकीन)

(दोहा)

जिस हरि नाम मन भाये,

सो जन मुक्त पाये हरि राय।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

जल थल गगन तेरा पसारा।।

सूरज चँद उगवै दिन राती, गुर बिन घोर अंधारा।।

देओ मीत सजन मेरे रामा, मेरे जगन नाथा।।

आप बिठावे सद संगत आप कीओ परवाना।।

बंदना करूँ तुध आगे मेरे रामा, दर्शन देओ सोढ़ी सुलताना।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

त्रेता राम अवतार धारे, दशरथ राजन आंगन कुशलेआ नारी॥
राज तिआग चले बन को लखमन संग जानकी पिआरी॥
हक्क दिवावण भगत सुगरीवे परलोक भेजेओ बाली हंकारी॥
जात पात भेद छोड़ सभहि भीलण नीच जीओ किरपा धारी॥
रघूकुल रीत राखी लाज लंकेश मार प्रजा सवारी॥
दर्शन कहत प्रभ किरपा कीनो मोहे नीच को अब ओट तुमारी॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तिस सतिगुर महि जाऊँ बलिहार,

जिस गुरू मिलायो मेहरबान॥

तिस सतिगुर महि करूँ बेनंती, जिस गुरू दयो दयावान॥

तिस सतिगुर महि सेव कमावां, जिस गुरू भेद इक समान॥

तिस सतिगुर महि करूँ चाकरी, जिस गुरू मन माने मान॥

मेरे मन हरि प्रीत लागी, दर्शन छूटे सभ अभिमान॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तुझसे बिछुड़े गोबिंद ठाकुर दात संग कीये पिआर,

दातार दाते नानक गोबिंद, तिनहे डंडौत नमस्कार॥

काल भानी दीजै दान अपणी किरपा धार,

आदि नारायण आदि नारी महादेवा,

नव शक्ती पारवती गुरू ब्रह्मा विशनूँ महेश॥

कारतिक कीओ कीरती गुण गुणिआई मंगल गणेश,

नास कीओ दुष्ट दैंत रावण कंस हरनाकश,

चंड मुंड नरसिंघ कीओ आदेश।।

कीओ प्रगट भगवती चंडी पिता दशमेश,

पुत्तर कीओ प्रभ के अधीन नानक प्रापत काया कलप कालिंगा,

सतिगुर सतिपुरख संत सुजान।।

आदि जुगादि है भी होसी सच सेवा दर्शन नाम अधार।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तुम पातशाहों का पातशाह, सच्चा पालनहार जीओ।।
नाम तुमारा सिमर ठाकुर मेरे, किरपा करो गोबिंद दातार जीओ।।
तुम ईश्वर तुम आलमदीगार, मेरो अंतरयामी पुरख मुरारे।।
तेरा रूप अनेका रंग जीओ, महिमा तेरी अपरम्पार।।
दर्शन जन करे अरजोई, दरस दीजे गुरू नानक सुलतान जीओ।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तुम मेरो साहिब ऊच महान,
मनमोहन तेरे बलि बलि जाऊँ दीजो मोहे वरदान॥
राम नाम की बरखा होये, प्रेम रस दीजो मोहे,
मिटे जनमों की पिआस॥
वड्डे तेरे महल चुबारे, खेले खेल जग से निआरे,
बेद कतेब करे बखान॥
तूँ साजन तुम प्रीतम पिआरे, दीजो शरण दास पुकारे,
दर्शन जाऊँ बलिहार॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तुम मेरे प्रीतम प्रभ किरपाल, शब्द जपत मन भयो निहाल।।
गुर बिन गिआन ना होसी भाई, गुर बिन पूरी भगती ना होई।।
प्रणवत पूरण गुरू नानक सांई, दरस देखत जम की छूटी फाही।।
एको तेरी कुदरत मेरे सतिगुरू, एको रूप साध संगत संग समाई।।
मैं ना जानो गुण अवगुण धरम करम,
दर्शन दास गुर पूरे संग मिटे भरम।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तूँ अल्ला तूँ राम रहीम, तुम मानेआ मन माने॥
ठाकुर प्रितपाल सतिगुर, तूँ जिनहे जनाये सोई जाने॥
साध संग जिस हरि हरि नाम धिआया,
दर्शन मुक्त अधारा, नाम रस फल पाया॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तूँ सखी तूँ सखा, नानक प्रभ गुरमुख राखा जीओ॥
नैन तरसन तुमारे दर्शन, मन साध संगत बिगासा॥
तूँ मेरा बंधप तूँ मेरा सुआमी, हरि तुम आप भ्राता॥
मन पिआस सतावे दिन राती, अमृत नाम प्रभ तांका॥
हाथ जोड़ बंदना तुध आगे, दर्शन निमाणे काटो पाप हमारे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तूँ सभनी थांई जिथे हउँ जांई,
तेरे गोसांई, तेरे सांई, तेरे सांई॥
सुनेंदड़े सोहणे सुंदर शाम,
राधा कंत भये होये सहाई,
तूँ सभनी थांई तूँ सभनी थांई,
तूँ सभनी थांई हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(दोहे)

तूँ सांई दीन दयाला, तूँ मेरा प्रीतम प्रितपाला॥
तूँ नदर करे जिस ते करतार, सोई उतरे भवजल पार॥
तूँ सभ तों सुघड़ सिआणा, मुझ नाही गुण सार ना जाणां॥
नाम रतन तुध सिओं पाये, तेरी उपमा जीहवा गाये॥
रोम रोम में नाम समाये, दर्शन नदर करो हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तूँ बेअंत बख्शंद बख्शणहार बाबा,
गोकुल मथुरा रामा कृष्णा अल्लाह हू ए मक्का काअबा।।
वेद पुराण कतेब सभहि जोगी जोगेशवर ढूँढ थक्के।।

(यकीन)

(दोहा)

तूँ देंदा आया देवणहार, तूँ करता पुरख मुकंद मुरार।।
तूँ आपे लावें लिव करतार, तूँ आपे करदा भउजल पार।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

तूँ महाराणी जग कलियाणी नवशक्ती माँ आदि भवानी॥
महिसासुर दैंत संहारे, चंडमुंड राक्षस मारे॥
वध कीओ भैरो वली का, जै जैकार होवे वैशनूँ राणी॥
नैना देवी रूप निराला, भद्रकाली मात जवाला॥
अष्ट भुजी सिंघ सवारी, कलह कलेश दुख निवारी॥
चिंता पुरणी चिंता हरदे, मनसा देवी पूरी मनसा करदे॥
चौमुंडा देवी माँ शारदा पिआरी,
सीतला मईया करो आप रखवारी॥

ब्रह्मा विशनूँ महेश धिआवे, रिशी मुनी वर तुझ ते पावे॥
महिमा तुमरी जग से निआरी, दर्शन दीजो आदि कवारी॥

(यकीन)

(श्लोक)

तेरी कुदरत तेरी जन्नत, अजब तेरा संसारा,
तेरी रचना तूँ ही जाणे, मानस थक्क हारा॥
मन तूँ काहे फिरे नादान, बाहर ढूँढे मिल नाही पाये, पूरन भगवान॥
बाहर ढूँढे किछ हाथ ना आये, अंदर देही सभ किछ पाये,
एह बिध गुर आप बताये, जो हरि सिओं प्रीत लगाये॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

तूँ माई तिंन पूत जाई, ब्रह्म महेश विशनव तांई।।
शिव शक्ती बिन चले ना खुदाई,
दरस देओ मेरे नानक, सुणो बेनती गोबिंद गोसांई।।
परमगत जानी मन मानी,
गोबिंद गोबिंद जपे मन मेरा, गुर बिन संगी ना को तेरा।।
सतिगुर संग हरि कीरतन गावां,
चरण धोवां संत सजन के, जनम जनम के दूख गवावां।।
एह हुकम मन्न होवां परवान, दर्शन गुर आपणे जाऊँ कुरबान।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तूँ मेरा ठाकुर गोबिंद गोसांई, राखो पैज मेरे सांई जीओ।।
मैं निरगुण को गुण नाही, सेव कमावां नाम धिआवां,
तुझ ते हउँ कुरबान जावां।।
चसां ना बिछुड़े हरि जीओ, साजन मीत धन थान सुहावा,
अनहद शब्द प्रभ दीजै, मेरे साजन मीत पिआरे।।
आपे करता आप करावै, नानक जो तुध मन भावै,
हम नीच करसां अरजोई, दर्शन निमाणे हरि दीजै ढोई।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तूँ वड्डा तेरा नाओं वड्डा, वड्डे तेरे खेल पिआरे, मैं जाउँ बलिहारे।।
तेरे दरबारे सोहवे संगत, अजब निराली तेरी रंगत,
मेरे गिरवरधारे।।
राजा रंक बराबर जानेओ, उत्तम नीच भेद ना मानेओ,
मेरे पुरख मुरारे।।
तूँ दयाला तूँ किरपाला, तूँ मेरा प्रीतम प्रितपाला, दीजो नाम दातारे।।
आपे बख्शे तूँ वडियाई, जो तेरे मन भाई, दर्शन पार उतारे।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तेरा कीरतन कीरती, किरत करां दिन रात॥
बैकुंठ वसै राम दयाला जीओ, बिन नामै हउँ कमजात॥
नाम कमावै हरि गुण गावे, सतिगुरू शरण अमृत भोजन पावै॥
हर वेले वाहो वाहो गुर रसन बखाने,
किरपा करो मेरे ठाकुर मेहरबाने॥
मन अन्न पाणी ना भावे जीओ,
दर्शन निमाणे तुझ बिन किवें सुख पावे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तेरा नाम हरी हरि पूरा, दीजो दान साधू की धूड़ा॥
सतिगुरू मेरे गुरू नानक सांई,
गुरू नारायण सतिगुरू दीन के दाता जीओ॥
आपने भगतों को दीजै वडियाई, सच अटल निधान कमाई,
सच साहिब संग होवो सहाई॥
जन दर्शन की सुणो अरजोई, बिन नामै ना मुक्त पावै कोई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तेरी महिमा बेदां तहि नाही जाणै, संत की शरण हरि रंग माणै॥
तूँ मेरा रंग रंगीला साजन, दरस देओ मेरे राम गोपाला॥
आपे साजे सगल संसारा, सगल वसत माहि तेरा पसारा॥
इक वसतू गुरू देवै भाई, दर्शन मुक्त हरि नाम बिन ना पाई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तेरे गोसांई राम रहीम करता,
अकाल नर निरंजन निरंकार गुर प्रसादि मुक्त पाये॥
तेरे सांई दर्शन अगंम गोसांई,
राम रहीम बैठे इकट्ठे बखेली जग माहे समाई॥
सो जन जाणे जिनहे जनाई तेरे सांई दर्शन अगंम गोसांई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

तेरे भरे भंडारे लाल जीओ, तेरे खेल निआरे।।
जुगां जुगंतर हरि आपे वंडदा आया,
भगत वसल तेरे नाम दुआरे।।
तन कुल्ली गुल्ली सिमरन तेरा,
चमकी जुल्ली सबंसत पँच पिआरे।।
लेवत देवत करता आया, सेव गुरू चौंह धरम तुमारे।।
दर्शन दास तेरी महिमा गावै, अनंत बेअंत तांके ऊँचे दुआरे।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

त्रै नारी तिनहे आदि कुआरी, ब्रह्मा विशनूँ महेश तारी।।

सरसवती अष्ट लक्ष्मी अष्ट,

उमा अष्ट वैशनूँ अष्ट।।

सिंघ निरंकार निरंजन नानक गोबिंद,

नमै नमेओ नमेओ नमेओ नमेओ और नमेओ गंगोत्री,

त्रिलोकी राम नमेओ।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

दया सति संतोख नाम चारे धरम कहावै॥
चौंह धरमी धरम भयो इक वरणी नानक करता,
तप तपसिआ तजेंदे माही तुझ बिन चित्त नहीं करदा॥
जे चित्त आवे तूँ मेरे सतिगुर रख लेओ प्रितपाल गोसांई,
तुझ बिन दुख घनेरे सहणे मेरे राम दीन दयाल सांई॥
तुझे धिआया सुख घनेरा पाया मेरे हरि राया,

राख लेओ मेरे सतिगुर सांई,

पारब्रह्म पूरनब्रह्म चौंह धरमां दे सांई॥

दास दासन को थापेआ हम भूले दर्शन एको ठाकुर देसा॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

दरस देओ मेरे राम जीओ, दया करो प्रभ गोबिंद दातारे॥
किरपा निधान प्रभ बख्शंद, मुक्त कीओ मेरे पिआरे॥
सिमर सिमर प्रभ आपना, जीवां मैं प्राण अधारे॥
आदि पुरख भगवती, तिनहे डंडौत नमस्कारे॥
तन मन सीतल होआ, चरण कमल हरि हिरदे धारे॥
दान देओ जन आपने, दर्शन प्रभ सिरजनहारे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

देओ दान नाम, आपने दासन को॥
निरंकार नर नारायण, नर निरंजन नर निरंजन,
निरंजन नानक नानक गोबिंद॥
एक रूप एक सरूप कलि माहि,
जहां देखूँ वहां तूँ है दर्शन,
अगंम माहीं तूँ सभनी थांई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

दीओ मोहे नाम दान, एह गुर की वडिआई,
नाम धिआऊँ हरि गुण गाऊँ, चित्त एहो आस लगाई॥
अवर ना डिट्ठा तुध जेहा, मैं सभ जग ढूँढ आला,
तुध संग नेह तुध संग प्रीत मन तन ए लाई॥
मैं किछ नाही तूँ ए सभ किछ,
तेरी कुदरत तूँ ए सभ विच, ओ मेरे राम रघुराई॥
बिन तेरे मोहे किछ नहीं भावे, तेरी उपमा जीहवा गावे,
करो नदर ए दर्शन सांई॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

दीन दयाल सतिगुर पुरख हमारे, हरि साजन मीत पिआरे॥
दया करो प्रितपाल ठाकुर जीओ,
राम नाम समुंद जीओ पत्थर तारे॥
हम नीच किछ जानो नाही, तुम भयो खसम हमारे हरि राय॥
राख लेओ राखनहार सुआमी, दर्शन गरीब ढहि पयो दुआरे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

दीन दयाल राम प्रभ शाम अबिनासी॥
न निरंकार कलि माहि नानक,
दर्शन दास तेरी शरणाई हरि राय॥
तूँ सभनी थांई जिथे हउँ जांई,
तुझ बिन नींद नैनण ना आवे,
तुध बिन मन लोचदा हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

धन निरंकार जो करे सो करतार,
नानक एक ओंकार सतिनाम वाहिगुरू॥
नानक सच है नानक है भी सच,
नानक सच है नानक सदा ही सच॥
धन निरंकार जो करे सो करतार,
नानक एक ओंकार सतिनाम वाहिगुरू॥
अकाल मूरत करता पुरख, अजूनी सैभं सतिगुर प्रसादि॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

धन शिव त्रिलोकी नाथा, शक्ती भेद देओ सवारी।।
बांधी ना छूटे दास की जो बांधे तुमारी।।
र रहीम राम नानक, गोबिंद संग सुहागणा, खसमाने शरण तुमारी।।
तूँ सहाई मेरे सतिगुर जीओ, हम भयो दास तुमारे।।
तुध आगे अरजोई हमारी, राखो जगत जलंदा।।
सुणां पढ़ां प्रभ तेरी बाणी, तेरी माया गुणी गुणिअंत ना जाणी।।
तुम देओ दरस मेरे रामा, दर्शन गत तुहारी।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

धुरों त्रिलोकी तरशूले नमै नमै अष्ट,
हउमीए अष्ट ओम नमै समाये।।
ओम ओंकार त्रै भवन धरत अवतार,
हउमी अष्ट हउमी अष्ट बणाये तत्त सूहा।।
एक नारी पँज पिआरी, दरस पिआसी करे अरजोई तुध आगे।।
इक रात गोबिंद मुरारी, तुध संग लग सुहागण होसी,
दर्शन चेतना हमारी।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नमो गणेश नमो गणेश मात पारबती पिता महेश॥
जो धिआवे फल पावे, मंगल करे गुणी गणेश॥
गज को दीआ बहु माना, जब सीस कीओ परवाना,
गणपती देव नाम सदावे, आरंभ कारज पूजन हमेश॥
शिव शंकर भोले भंडारी, शांत मुगध जटा धारी,
मन चित्त लाये जो आराधे, पूरन मनसा करे महेश॥
माँ पारबती नव शक्ती धारेओ रूप अनेक,
दुष्ट दैंत मारे बण चंडी, दर्शन काटे दुख कलेश॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नानक सच है नानक है भी सच,
नानक सच है नानक सदा ही सच॥
या यूसफ या अली या मुहम्मद या रहीम॥
द दीन दयाल है र राम है श शाम है न नानक है॥
नानक कलि माहि याद है तां सभ किछ है॥
तूँ यहां है वहां है दर्शन अगंम रूप जग माहि तूँ सभनी थांई॥
भरम भौ सभ छूटे दासन दास दसाई,
दास दास दासन दर्शन दास सांई तूँ सभनी थांई॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

नानक ना+न+क नानक आदि नमै, नानक जुगादि नमै।।
नानक है भी नमै, नानक होसी भी नमै।।
नमै नमेओ नमै नमेओ नमै नमेओ,
नासूरा नासूदा निआसा नौरंगा नौरिंदा।।
निरभैता निरवैरता नौरिंजा निरंकारा निओटा,
नौवंदा निजंदा निआजी निऔजा निवाजा नानक नमेओ।।
नानक नाथ नानक नाद नानक अंगद,
नानक अमर नानक राम नानक अरजन।।

नानक हरिगोबिंद नानक हरि राय नानक हरिकृशन,
जिस संग दूख नाठै सुख घनेरे आये॥
नानक तेग बहादर जिसे धिआया घर महि पाया,
नानक गोबिंदा मेरे हरि राया॥
नानक निरंजन नूरानी नूर दर्शन दास सदेंदा,
दर्शन ही संग होये सहाये हरि राय॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नानक नाम अमोलक रतन, तिस अंत ना पारावार।।
सतिगुरू शरण हरि नाम धिआया, सतिगुरू शरण परम पद पाया।।
सतिगुरू शरण अठसठि तीरथ इश्नान, सतिगुरू आपणे जाऊँ कुरबान।।
सतिगुरू समुंद हरि गुण भंडार, नानक नाम अमोलक रतन,
तिस अंत ना पारावार।।
तुम मेरो सतिगुरू अटल सुलतान, दया करो मेरे ठाकुर मेहरबान।।
कोई गुण नाही मेरे सुआमी, गुण दीजै गुर पूरे गुणी निधान।।

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नानक नाम सिमरो संतो सेवक सोभा बण आई।।
हिंदू कहत राम राम मुसलिमा पीरे खुदाई जीओ।।
भिन्न भेद ते बाहर सतिगुरू, हरि सेओ एक जोत समाई।।
आप आपे आपनी बिरध राखो, दर्शन तुझ से प्रीत लगाई।।
(यकीन)

(दोहा)

नाम की दात मिले गुर शरणी,
नाम ते मिले मुक्त दुआर।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नानक भयो किरपाल,
प्रगट भयो नर नारायण, ठाकुर दातार॥
देओ नदर सिरजनहार सुआमी सिर धर दसतार॥
जीअ जंत सभ कीओ पुकार, देओ हरि दर्शन प्रितपालनहार॥
हम नीच किछ जानो नाही तुम भयो खसम हमारे॥
दर्शन नीच देओ हरि दर्शन सतिगुरू काज सवारे॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(पदम)

नाम जपत मन भयो निहाल, नाम जपत प्रभ भयो किरपाल॥
नाम की महिमा अपरम्पार, सच नाम एक करतार॥
नाम की वडियाई कथी ना जाये, दीजै नाम मेरे हरि राय॥
नाम की हरि जन करे कमाई, नाम सिमर हरि होये सहाई॥
हरि जन नाम पावै कोये, आसा नाम हरि पूरी होये॥
नाम सिमर रसना भयो पुनीत, जिस हरि संग लागे प्रीत॥
दर्शन दास करे बेनंतीआं, हरि आण वसेओ मेरे चीत॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(ओट)

निओटेओं का आसरा निमाणेओं का मान, तुम हो साहिबा सभ से महान।।

दीन दुखी तुध सहारे, निरबल तेरी राह निहारे,
रहमत बरसै सभ पे राम।।

ब्रह्मा विशनूँ शिव वी आपे, राम को देखे शाम ही जापै,
भेद करे कौन बखान।।

हम नीच जानो नाही, किन बिध रिझाऊँ तोहे बनवारी,
दया करो दयावान।।

आन खड़े हम तेरे दुआर, दीजो दर्शन खोल किवाड़,
कर किरपा किरपा निधान।। (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

निस दिन जपीये प्रभ का नाम, हिरदे अंदर उपजे गिआन,
मन निरमल हो जाई॥
गुर सिओं पाइये नाम निधान, किरपा करे प्रभ मेहरबान,
जनम सफल हो जाई॥
नाम है मनवा मुक्ती दुआर, नाम संग होवे भउजल पार,
नाम बिना किछ नाही॥
नाम अराधे भौ ना लागे, साहिब अंग संग बिराजे,
दर्शन गुरू सदा सहाई॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नीलकंठ नारायण निरंजन निमाणा निआसरा निओटेआं,
नानक प्रभ दीन दयाल देओ दान॥
अंगद अमरदास अमर भयो सोढी पातशाह गुरू रामदास भयो,
दयाल नदर कर अरजन हरिगोबिंद को॥
हरि भयो हरि राय हरिकृशन को॥
हरिकृशन करता करीम करम पुरख गुरू तेग बहादुर जीओ॥
हरि हरि हरि गोबिंद राय दर्शन निमाणा करे बेनती,
मेरा माण तूँ मेरा ताण॥ (यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

नैण निराकार निरंजन नारायण सुआमी,
पूरण पुरख पारब्रह्म रा ओंकारा॥
सुख अनंद सुखमनी जप जाप,
सिमरन नाम भगत रहिरास जीओ॥
इहां ऊहां सचा सच समाये,
गुरदेवा गुरदेव अंतर धिआन,
दर्शन सुरत शब्द अनहद लिव लाये॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

(शक्ति)

नैन नैनण नैननण निरंकार,
निरंजन निरवैर निरभौ निरंकार,
नर निरंजन नारायण निरंकार॥
नानक नैनण नानक नैननण निरंकार,
ओंकार सैभंग अजूनी सुखमणी, अनंद साहिब जपजी जीओ॥
जाप साहिब रहिरास नर निरंकार॥
जप ईहां ऊहां सच, ओह कलि माहि सच समाये अवतार॥

(यकीन)

धन नानक
यशवंती निराधार धाम पहला

नंद गोपाल ठाकुर दातार, जो करे सो करतार॥
तूँ पूरन पुरख नानक सुजान,
काम क्रोध मुक्त कीजै, मेरे हरि कृष्ण भगवान॥
नाम सिमर दुख कटे जाण,
